दूरभाषः— 0522—286709, 286710

**राज्य नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0**

नव चेतना केन्द्र, 10, अशोक मार्ग, लखनऊ—226001

**अत्यन्त महत्वपूर्ण / शीर्ष प्राथमिकता**

पत्रांकः 350 / 241 / NULM / तीन / 2001(MIS) दिनांकः 11-5-16

सेवा में,

1 समस्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

2 समस्त परियोजना निदेशक / सिटी प्रोजेक्ट आफीसर,
जिला नगरीय विकास अभिकरण /
शहर मिशन प्रबन्धन इकाई,
उत्तर प्रदेश।

**विषय— दीनदयाल अन्तोदय योजना (DAY)—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत समस्त घटकों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की MPR व MIS के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत ही हैं कि दीनदयाल अन्तोदय योजना (DAY)—राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समस्त घटकों की प्रत्येक माह की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति मासिक प्रगति रिपोर्ट पर (MPR) निर्धारित प्रारूप पर अंकित कर उपलब्ध कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है साथ ही MIS पर भी समस्त घटकों की वित्तीय एवं भौतक प्रगति की इन्ट्री करना अनिवार्य है। इस संबंध में एस0एम0एम0यू0(SMMU), उ0प्र0 द्वारा समय—समय पर पत्रों के माध्यम से व आयोजित होने वाली बैठकों एवं कार्यशालाओं में समस्त परियोजना अधिकारी व शहर मिशन प्रबन्धकों को निर्देशित भी किया गया है जिससे कि MPR व MIS में अंकित की जाने वाली भौतिक व वित्तीय प्रगति में भिन्नता न हो, किन्तु बार—बार निर्देशित करने के उपरान्त भी MPR व MIS में भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में बडी भिन्नता पायी जा रही है अर्थात जो वित्तीय एवं भौतिक प्रगति MPR में अंकित की जा रही है उसका मिलान MIS से करने से स्पष्ट हो रहा है कि MIS में वित्तीय विवरण फीड नहीं किया जा रहा है, जिससे MPR व MIS में अंकित वित्तीय प्रगति में काफी विभिन्नता है। अतः प्रत्येक दशा में MIS में वित्तीय विवरण फीड करायें।

यहां यह भी अवगत कराना है कि शहर मिशन प्रबन्धन इकाई द्वारा राज्य मिशन प्रबन्धन इकाई को प्रेषित की जा रही MPR को SMMU द्वारा संकलित कर भारत सरकार को प्रेषित की जा रही है के आंकडे भारत सरकार द्वारा आन—लाइन MIS में अंकित आंकडे से तुलना करने पर अत्यन्त भिन्नता पायी गयी है अर्थात MPR के आंकडे MIS में पूर्णतः नहीं अंकित किये जा रहें है जिस पर भारत सरकार द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी हैं।

उपरोक्त के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा MPR व MIS में भिन्नता पर खेद व्यक्त करते हुए इसे अविलम्ब दूर करने की अपेक्षा की गयी है, अन्यथा इसके अभाव में वर्ष 2016—17 हेतु भारत सरकार द्वारा की गयी आवटन की धनराशि अवमुक्त नहीं की जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2015–16 के वित्तीय एवं भौतिक प्रगति के समस्त आंकडे जो MPR के प्रारूप पर अंकित किये गये है उन्ही आंकडों को MIS पर तत्काल अंकित करने हेतु संबंधित को निर्देशित करने व वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016–17 के प्रत्येक माह के MPR के साथ MIS में वहीं आंकडे समय से अंकित कराना सुनिश्चित करायें व यह भी सुनिश्चित कराले कि उक्त दोनों रिपोर्ट में किसी प्रकार की भिन्नता न हो जिससे कि भारत सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु आवंटित धनराशि को अवमुक्त करने में कोई बाधा उत्पन्न न हो।

उपरोक्त शीर्ष वरीयता प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैवः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त परियोजना अधिकारी / सहायक परियोजना अधिकारी को तत्काल उपरोक्त का अनुपालनार्थ।
2. समस्त सिटी मिशन प्रबन्धक, शहर प्रबन्धक इकाई को इस निर्देश के साथ कि उक्त का तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करें।
3. सहायक बेवमास्टर, सूडा को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक